राजकीय कन्या महाविद्यालय, भीम (राजसमन्द)

दिनांकः–29.06.2022

प्रेस–नोट

राजकीय कन्या महाविद्यालय, भीम के नोडल प्राचार्य सुप्रतीक पाठक ने बताया की माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा सत्र 2022–23 में बजट घोषणा में राजसमन्द जिले के भीम उपखण्ड मुख्यालय पर स्थानीय विधायक श्रीमान् सुदर्शनसिंह रावत के अथक प्रयासों से खोले गये नवीन राजकीय कन्या महाविद्यालय, भीम में सत्र 2022–23 से ही कला संकाय के अन्तर्गत प्रथम वर्ष कला में छात्राओं हेतु दिनांक 27.06.2022 से ऑनलाईन प्रवेश प्रकिया प्रारम्भ हो गई है। आवेदन–पत्र नजदीकी ई–मित्र पर जाकर भर सकते हैं तथा कन्या महाविद्यालय में B.A. Part Ist हेतु अनिवार्य विषय सहित – **हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, गृहविज्ञान, भूगोल, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र व इतिहास** में प्रवेश दिया जायेगा।

प्रवेश कार्यक्रम निम्नानुसार है–

ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने की दिनांक – 27.06.2022 से 09.07.2022 तक।
ऑनलाईन आवेदन–पत्रों का सत्यापन दिनांक – 11.07.2022
अन्तिम वरीयता सूची एवं प्रतीक्षा सूची दिनांक – 13.07.2022
महाविद्यालय में दस्तावेज सत्यापन दिनांक – 18.07.2022
प्रवेशित विद्यार्थियों की सूची का प्रकाशन, वर्ग निर्धारण तथा विषय आवंटन दिनांक – 19.07.2022

नवीन राजकीय कन्या महाविद्यालय, भीम को राजकीय महाविद्यालय के बालिका छात्रावास N.H. – 08 नन्दावट (भीम) में संचालित किया जायेगा।

ऑनलाईन आवेदन–पत्र आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर की Web Site https://hte.rajasthan.gov.in/ पर जाकर कन्या महाविद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन–पत्र भर सकते है तथा महाविद्यालय में छात्राओं हेतु किसी प्रकार की समस्या आने पर **हेल्प डेस्क/प्रवेश प्रभारी डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा मो. नं 9928172450 व श्री रतनलाल फुलवारी मो. नं. 9414825082** पर सम्पर्क कर सकते है।

(प्रो. सुप्रतीक पाठक)
प्राचार्य/नोडल अधिकारी
राजकीय कन्या महाविद्यालय भीम

प्रतिलिपिः– श्रीमान् सम्पादक महोदय, प्रकाशनार्थ हेतु–

1. राजस्थान पत्रिका
2. दैनिक नवज्योति
3. दैनिक भास्कर
4. राष्ट्रदूत